Girls' High School and College, Prayagraj
Session (2020-21)
Worksheet No-6
Class -5 (A-F)
Subject –Hindi Literature
Topic-पाठ-1 कर्मवीर ,पाठ-2 आस्था और अभिलाषा

निर्देश- कृपया अभिभावक यह सुनिश्चित करें कि छात्रा दोनों पाठ से दिए गए प्रश्न-उत्तर पढ़ें और याद करें।साथ ही अभ्यास कार्य को लिखकर पूरा करें।

कर्मवीर कविता का सारांश

कर्मवीर का अर्थ है ,अपने कामों से विजय प्राप्त करने वाला व्यक्ति । कर्मवीर कभी भी मुसीबतों से घबराते नहीं हैं । वे भाग्य के भरोसे नहीं रहते हैं ।कर्मवीर हर काम में निपुण होते हैं।वे किसी भी काम को कल पर नहीं छोड़ते हैं। कर्मवीर अपने मन की बात को मान कर ही निर्णय लेते हैं ।वे दूसरों पर निर्भर नहीं होते हैं ।कर्मवीर अपना काम खुद ही करते हैं । इसलिए हर काम में उनको सफलता मिलती है । ऐसे कर्मवीरों के जन्म लेने के द्वारा ही देश की उन्नति और मानव जाति की भलाई संभव है।

लघु प्रश्न –उत्तर

प्र॰1)कर्मवीर भीड़ में कैसे बने रहते हैं ?

उ॰1) कर्मवीर भीड़ में शांत बने रहते हैं ।

प्र॰2) भीड़ में चंचल बनने का क्या अर्थ है ?

उ॰2) भीड़ में चंचल बनने का अर्थ है,अधीर या उतावला होना ।

प्र॰3)कर्मवीर कार्य को पूरा कैसे करते हैं ?

उ॰3) कर्मवीर धीरज, लगन और साहस से कार्य को पूरा कैसे करते हैं।

प्र॰4)कवि किन लोगों को सदा फलते फूलते देखता है ?

उ॰4)कवि कर्मवीरों को सदा फलते फूलते देखता है ।

दीर्घ प्रश्न-उत्तर

प्र॰1) हमें दूसरों का मुँह कब नहीं ताकना पड़ता है ?

उ॰1)स्वावलंबी तथा कर्मवीर होने पर हमें दूसरों का मुँह नहीं ताकना पड़ता है।

प्र॰2)कर्मवीर बाधाओं का सामना कैसे करते हैं ?

उ॰2)कर्मवीर बाधाओं का सामना, साहस ,हिम्मत और धैर्य के साथ निडरता से करते हैं ।

अभ्यास कार्य

1.सही विकल्प चुनिए-

1.कर्मवीर सुनते हैं –

(i)बच्चों की ☐ (ii)सभी की ☐

2.कर्मवीर किसके भरोसे नहीं रहते हैं –

(i)भाग्य के ☐ (ii) पड़ोसी के ☐

2.रिक्त स्थान भरिए-

1.आज करना है जिसे ________________।

सोचते कहते हैं जो__________________॥

2.भूलकर वे दूसरों का _______________।

________________ वे कर जिसे सकते नहीं ॥

3. आ की मात्रा लगाकर शब्द बनाओ-

जैसे-उकतते-उकताते

1.बध-

2.जति-

3.भलई-

4.घबरते-

4. सही (v) और गलत (X) का निशान लगाओ –

1.कर्मवीर कभी भी मुसीबतों से घबराते नहीं हैं । ______

2. कर्मवीर अपना काम स्वयं ही करते हैं। _______

3. कर्मवीर भाग्य के भरोसे रहते हैं _____

4.कर्मवीर कठिन से कठिन कामों को करने से पीछे नहीं हटते हैं । _____

पाठ-आस्था और अभिलाषा के दीर्घ प्रश्न-उत्तर

प्र॰1)डॉ॰ कलाम के जीवन में उनकी बड़ी बहन जोहरा ने क्या योगदान दिया ?

उ॰1) डॉ॰ कलाम के जीवन में उनकी बड़ी बहन जोहरा का बहुत योगदान है,क्योंकि उनका संस्थान में दाखिला कराने के लिए बहन जोहरा ने अपने हाथों के कड़े और हार गिरवी रख दिए। जिसके कारण डॉ॰ कलाम ने अपनी पढ़ाई पूरी की ।

प्र॰2)इच्छा, आस्था और अभिलाषा का हमारे जीवन में क्या महत्व है ?

उ॰2) इच्छा, आस्था और अभिलाषा का हमारे जीवन में बहुत महत्व है,क्योंकि जीवन में सफलता पाने के लिए इन तीनों चीज़ों की आवश्यकता पड़ती है ।

प्र॰3)डॉ॰ कलाम ने बचपन में क्या निश्चय किया था ?

उ॰3) डॉ॰ कलाम ने बचपन में यह निश्चय किया था कि एक दिन मैं भी आकाश में उड़ान भरूँगा ।

प्र॰4)वह कौन सी वजह थी जिससे डॉ॰ कलाम बहुत चिंतित हुए थे ?

उ॰4)वायुसेना में चयन न होने के कारण डॉ॰ कलाम बहुत चिंतित हुए थे ।

प्र॰5) डॉ॰ कलाम ने दिल्ली में ही नौकरी क्यों की ?

उ॰5) डॉ॰ कलाम ने दिल्ली में ही नौकरी इसलिए की क्योंकि वायुसेना में उनका चयन नहीं हुआ था और दिल्ली में उन्हें वरिष्ठ वैज्ञानिक सहायक के पद पर काम मिल गया था ।

*****END*****